हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

## DR. ABHIMANYU'S
### AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

**छत्तीसगढ़ का पहला सर्वसुविधायुक्त 20 बिस्तरीय आयुर्वेद अस्पताल**



मा.मुख्यमंत्री-
श्री विष्णुदेव साय जी द्वारा सम्मानित



मा. पूर्व मुख्यमंत्री-
श्री भुपेश बघेल जी द्वारा सम्मानित





मा. विधान सभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री-
डॉ. रमन सिंह जी द्वारा सम्मानित

मरीजों की भर्ती की सुविधा उपलब्ध

### उपलब्ध सुविधाएँ

**पंचकर्म**
- वमन
- विरेचन
- शिरोधारा
- अभ्यंग
- स्वेदन
- नस्य
- बस्ति

**दर्द निवारण**
- घुटने का दर्द (संधि वात)
- गठिया वात
- गृधसी (सायटिका)
- कमर दर्द
- गर्दन दर्द
- ए.वी.एन.
- आमवात (आर.ए.)

**नेत्र रोग**
- पास या दूर का न दिखना
- धुंधला दिखना
- आँखों में दर्द/जलन
- आँखों से पानी आना
- आँखों का सूखापन
- चश्मे का नम्बर कम या ज्यादा होना

**मल द्वार संबंधित**
- पाइल्स (बवासीर)
- फिशर (विदर)
- फिस्टुला (भगन्दर)
- पिलोनिडल साइनस

**स्त्री रोग**
- माहवारी संबंधित रोग
- PCOD, PCOS
- सफेद पानी का जाना
- बांझपन

**मनोरोग**
- अवसाद (डिप्रेशन)
- अनिद्रा
- पार्किंसंस
- स्मृति भ्रम

**पेट संबंधित बीमारियाँ**
- पाचन संबंधित समस्त विकार
- कब्ज
- पेट फूलना
- भूख न लगना

**बच्चों के रोग**
- Cerebral Palsy
- बिस्तर गीला करना
- Hyperactivity
- Immunity
- शारीरिक विकास
- Autism

**चर्म रोग**
- सोरायसिस
- दाद, खाज, खुजली
- कील-मुहाँसे
- सफेद दाग
- बालों का सफेद होना व झड़ना

**जीवन शैलीगत रोग**
- डायबिटिज
- थायरॉइड
- ब्लड प्रेशर
- मोटापा

## लेजर/क्षारसूत्र द्वारा मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का ईलाज किया जाता है।

तुरंत राहत | कम लागत
पूर्णतः आयुर्वेदिक | कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं



**मल द्वार में मस्से, खून, जलन, दर्द, मवाद, खुजली, सूजन, मलत्याग में कठिनाई**

ये लक्षण - पाईल्स, (बवासीर), भगंदर (फीस्टूला) जैसे गुदारोग हो सकते है एवं अन्य गंभीर बीमारियों का कारण भी बनते है।

**उचित दरों पर सर्जरी की सुविधा उपलब्ध**

**छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त**

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों से इलाज के बाद REMBURSEMENTS की सुविधा उपलब्ध

### हमारे विशेषज्ञ



**Dr. Avinash Bais**
Chief Medical Officer, MD Ayurveda Panchakarma Specialist, Acupuncture Specialist, 28 Years of Experience



**Dr.M.Faizan Khan**
Senior Orthopedic Physiotherapist and Manual Therapist MPT Orth (New Delhi), 16 Years of Experience



**Dr.Damini Sahu**
BAMS, Anorectral Specialist Ksharsutra Specialist(Hubli, Karnataka),Prakriti Analyst (NIA, Jaipur), 5 Years of Experience



**Dr. Gourav Dewangan**
BAMS, Ex.RAV (Delhi)
5 Years of Experience



**Dr. Parul Tiwari**
BAMS CCPT (Maharastra) Infertility Specialist (Maharastra) Garbha Sanskar Specialist (Gujrat), 4 Years of Experience



**Dr. Aastha Sanadhya**
B.A.M.S. Skin Specialist (Maharashtra)
2 Years of Experience



**Dr. Abhimanyu Sahu**
B.A.M.S. Pain Consultant (Bengaluru), Agnikarma Specialist (Bengaluru) Chiropractor (Bengaluru), Pancha karma Specialist (Kerala) Dorn Specialist (Germany),10 Years of Experience | Reg. No. 03858A

## डॉ. अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
सेक्टर - 7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर-कृष्णा टॉकीज के सामने,समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

हॉस्पिटल की लोकेशन हेतु स्कैन करें

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत चंद्रपुर में विहान की दीदीयों ने किया स्वच्छता श्रमदान



**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत चंद्रपुर अंतर्गत खेल के मैदान में विहान की दीदीयों द्वारा स्वच्छता श्रमदान किया गया। ग्राउंड की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी एचएन खोटेल, संत सिंह, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम माधुरी भंडारी, विकासखंड समन्वयक एसबीएम अनुजा चौबे, बिहान की दीदीयां, सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

### समभाव की सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाई दिवाली



**अम्बिकापुर।** समभाव महिला मंच के सदस्यों ने इस बार मातृछाया, बाल संप्रेक्षण गृह, विशेष बालक गृह के बच्चों के साथ दिवाली मनाई। सदस्यों ने बच्चों को पटाखे व मिठाइयां देकर दिवाली की खुशियां मनाई।
इस दौरान समिति के सदस्यों ने शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद 100 बच्चों को मिठाई, पटाखा नए कपड़े प्रदान किया। सदस्यों को पंचशील मनपसंद एवं जायसवाल होटल द्वारा मिठाई जबकि मुकेश अग्रवाल द्वारा पटाखा उपलब्ध कराया गया था। इस दौरान डॉ.पुष्पा सोनी, शारदा अग्रवाल, वंदना दत्ता, नीलिमा गोयल, लिलि वसु, इला शर्मा, अंजुम , सीता शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### भाइयों की लम्बी उम्र के लिए बहनो ने की विशेष पूजा




**अम्बिकापुर।** दीपवाली के तीसरे दिन भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की लंबी उम्र व अकाल मृत्यु से बचने के लिए आज विशेष पूजा अर्चना की। कार्तिक महीने की द्वितीया तिथि को यम द्वितीया व इस दिन को भाई दूज के नाम से भी जाना जाता है। इसके पीछे पौराणिक कथा है। कथा के अनुसार आज के दिन महज एक काम करके मनुष्य अकाल मृत्यु के संकट से बच सकता है। सरगुजा में इस पूजा में बहने एक विशेष प्रकार के रेंगनी कांटे को अपने जुबान में चुभाती है और भाइयों को लगे हुए श्राप को उतारती है। साथ ही गोबर से कुछ आकृतिया बना कर उसकी पूजा करने के बाद उसे मूसल से कूटा भी जाता है। जिसके बाद भाइयों को तिलक लगा कर मिठाई और भोजन खिलाती है। आज शहर के प्रायः सभी मोहल्लों में महिलाएं व युवती सामूहिक रूप से एकत्र होकर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की।

### परंपरा और श्रद्धा के साथ मनाया गया भाईदूज का पर्व

**रामानुजगंज।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में भाई दूज का पर्व विधि-विधान और उत्साह के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों में इस पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा गया। उन्होने अपने भाइयों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए परंपरागत तरीके से पूजा-अर्चना की। नगर के विभिन्न मोहल्लों और ग्रामीण क्षेत्रों में बहनों ने अपने घर-आंगन को साफ-सुथरा कर गोबर से जमीन लीपा और गोबर से यम और यामि की प्रतिमाएं, सांप-बिच्छू की आकृतियां बनाई। पूजा उपरांत बहने आकृतियों को प्रतीकात्मक रूप से कूटती हैं ताकि भाइयों के जीवन के विघ्न दूर हो जाए। परंपरानुसार बहने अपनी जीभ में कांटा चुभाकर भाइयों की खुशहाली एवं सुखी जीवन की कामना करती है। बहनों ने भाइयों को तिलक लगा आरती उतारी और उन्हें मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर अपने स्नेह और कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया। भाई दूज का यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने के साथ ही भारतीय संस्कृति और परंपरा की जीवंत झलक है।

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर किसान सम्मेलन



**शंकरगढ़।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत किसान सम्मेलन का आयोजन कन्या शाला प्रांगण में किया गया। कृषि विभाग के तरफ से 10 वर्षों का विकास का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। पशुपालन विभाग द्वारा अपने विभाग के विकास के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैविक खेती बढ़ावा देने हेतु किसानों को समझाइए दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती चिंतामणि भगत, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियामदा सिंह देव शामिल रहीं।

### गंगा आरती एवं जगराता कार्यक्रम होगा आकर्षण का केंद्र


# छठ महापर्व के लिए सजने लगे घाट

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

सूर्य षष्ठी की पूजा को लेकर घाटों में साफ-सफाई सहित अन्य तैयारियां अंतिम चरण में है। छठ पूजा समितियां तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। पूजा समितियों द्वारा रात में व्रतियों एवं उनके परिजन के मनोरंजन सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है।

छठ महापर्व को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घाटों को पूजा के लिए अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहर के शंकर घाट स्थित बांकी नदी तट घाट एवं ग्राम पंचायत करजी स्थित खर्रा नदी तट पर व्रतियों की भारी संख्या को देखते हुए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। मां महामाया छठ पूजा समिति द्वारा पिछले एक सप्ताह से घाट की साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक तैयारियां की जा रही है। समिति द्वारा शिव मंदिर से लेकर सूर्य मंदिर के आगे तक घाट का विस्तार किया गया है। व्रतियों की सुविधा के लिए घाट पर पण्डाल की भी व्यवस्था की गई है। समिति द्वारा मुख्य मार्ग के साथ ही पूरे परिसर में रंग-बिरंगी लाइट लगाने के साथ ही भव्य सजावट की गई है। समिति द्वारा गुरूवार से घाटों की मार्किंग का कार्य प्रारंभ किया गया है। समिति के अध्यक्ष विजय सोनी ने बताया कि शंकर घाट छठ घाट पर पांच हजार से अधिक व्रतियों एवं 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। स्थिति को देखते हुए समिति द्वारा किसी को भी कोई समस्या न हो इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। घाट पर जाम की स्थिति निर्मित न हो इसलिए इस बार भी श्रद्धालुओं के वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था पूर्व की तरह घाट के पहले की गई है। समिति द्वारा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही श्रद्धालुओं एवं व्रतियों के लिए अलाव सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी। समितियों द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाबों की साफ-सफाई करने के साथ ही घाटों का निर्माण किया गया है। शहर के शिवधारी कॉलोनी तालाब करसू तालाब, सत्तीपारा दीवान तालाब, संत हरकेवल मंदिर तालाब, महामाया तालाब, छठ घाट की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**साफ-सफाई व लाइटिंग का कार्य पूर्ण**



#### खर्रा नदी घाट पर उमड़ेंगे श्रद्धालु

श्याम घुनघुट्टा छठ पूजा समिति द्वारा ग्राम करजी स्थित खर्रा नदी तट पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति द्वारा घाट की भव्य सजावट करने के साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। घाट पर 2100 व्रतियों के पूजा करने की व्यवस्था की गई है। समिति के अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए अलग-अलग तीन स्थानों पर व्यवस्था की गई है। पार्किंग में 2000 से अधिक वाहनों के रूकने की व्यवस्था की गई है। पुलिसकर्मी एवं समिति के स्वयंसेवक पार्किंग एवं आवागमन को सुचारू रखने का कार्य करेंगे। समिति द्वारा घाटों की नंबरिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। शुक्रवार से व्रतियों को टोकन जारी किया जाएगा। समिति द्वारा व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के रात्रि में ठहरने के लिए पंडाल की व्यवस्था की गई है। रात्रि में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए बाहर के कलाकार बुलाए गए है। जो भजनों की प्रस्तुति देंगे। समिति द्वारा इस बार भी वाराणसी की तर्ज पर गंगा आरती की जाएगी। गंगा आरती के लिए वाराणसी से ब्राह्मणों को बुलाया गया है।

#### पैलेस घाट का हो रहा विस्तार

शहर के नमनाकला स्थित मौलवी तालाब के किनारे पिछले साल छठ पूजा की शुरूआत की गई थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह द्वारा तालाब के किनारे पक्के छठ घाट का निर्माण किया गया था। छठ व्रतियों की अधिक संख्या को देखते हुए राज परिवार द्वारा इस बार घाट का विस्तार किया जा रहा है। समिति के सदस्यों द्वारा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई करने के साथ ही सड़क का समतलीकरण तेजी से किया जा रहा है।

#### पक्की तालाब छठ घाट पर तैयारियां जोरों पर

प्रतापपुर। छठ महापर्व की तैयारियों ने पूरे प्रतापपुर में धार्मिक उल्लास का माहौल बना दिया है। प्रतापपुर स्थित पक्की तालाब छठ घाट पर इस बार विशेष भव्यता देखने को मिलेगी। छठ घाट कमेटी के सदस्यों ने स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। पक्की तालाब का ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। तालाब किनारे स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर और हनुमान मंदिर स्थानीय आस्था और संस्कृति के प्रतीक हैं। कहा जाता है कि यह स्थल सैकड़ों वर्षों पुराना है और यहाँ प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु सूर्योपासना के लिए आते हैं। इस बार बनारस की गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण रहेगी। बनारस से विशेष पुजारियों और कलाकारों की टीम आरती संपन्न कराएगी। शंख ध्वनि, दीपों की रोशनी और मंत्रोच्चार से पूरा घाट भक्ति भाव में डूब जाएगा। 25 अक्टूबर को नहाए-खाए, व्रत की शुरुआत, 26 अक्टूबर को खरना, गुड़-चावल की खीर का प्रसाद, 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को पहला अर्घ्य, दीपदान और पूजा, 28 अक्टूबर उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य, व्रत की समाप्ति। घाट परिसर की साफ-सफाई, बिजली, जल प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर प्रशासन और स्थानीय समिति पूरी तरह सक्रिय है। महिलाओं और बुजुर्गों के लिए अलग व्यवस्था की जा रही है। निरीक्षण के दौरान सतीश चौबे, राजकुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, समेश्वर गुप्ता, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, सोनू कश्यप, योगेन्द्र सिंह मौजूद रहे। सभी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। छठ महापर्व सूर्य उपासना का पर्व होने के साथ-साथ स्वच्छता, अनुशासन और एकता का प्रतीक भी है। प्रतापपुर पक्की तालाब पर इस बार भक्ति और परंपरा का संगम देखने को मिलेगा।

## छठ घाट की तैयारी पूर्ण, 28 को देंगे उगते सूर्य को अर्घ्य



**सूरजपुर।** छठ पूजा की व्यापक तैयारियां छठ पूजा समिति नवापारा द्वारा पुर्ण कर दी गई है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रेण नदी स्थित छठ घाट पर नहान खान, घाट बंधान और खीर भोजन के साथ छठ का महापर्व प्रारंभ होगा। घर परिवार की खुशहाली के लिए मनाए जाने वाला भगवान सूर्य के उपासना का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया जाएगा।

छठ की तैयारियों को लेकर नगर में अभी से ही छठ के गीतों की गूंज सुनाई देने लगी है। बिहार और झारखंड राज्य के सबसे बड़े पर्व की तैयारियां जिले में जोर-शोर से की जा रही है। छठ पूजा समिति नवापारा द्वारा इस वर्ष भी विशाल आयोजन की तैयारियां की गई हैं। जिसमें 25 अक्टूबर शनिवार को नहान खान के के साथ छठ पर्व की शुरुआत होगी। 26 अक्टूबर रविवार को घाट बंधन व खीर भोजन, 27 अक्टूबर सोमवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देंगे तथा 28 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य एवं पारण के साथ तीन दिवसीय आयोजन किया जाएगा। 27 अक्टूबर को अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी छठ घाट में उमड़ते है। जिसको देखते हुए बड़े पैमाने पर व्यापक तैयारियां की गई हैं। रेण नदी के घाट में नगर पालिका परिषद द्वारा साफ सफाई का कार्य किया गया है। समिति व नपा अमले द्वारा पर्याप्त लाईट व छठ घाट को सजाने की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष गणेश सोनी, अनिल गुप्ता, गोविंद साहू, श्रवण जैन, संतोष सोनी, सुनील विश्वकर्मा, राजेश पटेल, मुन्ना सोनी, सुनील सोनी, प्रदीप सोनी, आकाश गुप्ता, विशाल गुप्ता, मोंटू मिश्रा, सूरज अवस्थी सहित समिति के सदस्य आयोजन की तैयारियों लगे हुए हैं।

सूरजपुर में इस बार बनारस के भोजपुरी भजन गायक अनिकेत कुमार व विजिता सूर्य उपासना और छठी मैया के उपासना भजनों की प्रस्तुति देंगे। रेण नदी स्थित छठ घाट में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने का अंदाजा समिति व प्रशासन द्वारा लगाया जा रहा है। अस्तांचल सूर्य को अर्घ्य देने 27 अक्टूबर को छठ व्रतियों के साथ-साथ बड़ी तादाद में नगरवासियों की विशेषकर महिलाओं की उपस्थिति से बीते वर्षों की तरह इस बार भी पूरे नगर में जाम की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। शहर से रेण नदी तक पैदल चलने वालों से पूरी सड़क भरी रहती है। वहीं श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और गत वर्षों के अनुभव को देखते हुए पुलिस व प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं।

## गेउर नदी तट पर छठ पर्व की तैयारियां जोरों पर, महेंद्र बने समिति के अध्यक्ष

**राजपुर।** गेउर नदी तट पर छठ पूजा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। छठ पूजा सेवा समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नदी तट पर पूजा पंडाल, घाट निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष 50 से अधिक पंडाल लगाए जा रहे हैं, जिनमें करीब 350 से 400 व्रती महिलाओं के बैठने और पूजा करने की व्यवस्था की गई है। बारिश और ओस से बचाव के लिए सभी पंडालों को वाटरप्रूफ बनाया जा रहा है। राजपुर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु व व्रती महिलाएं छठ उपासना के लिए राजपुर पहुंचती हैं। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए तैयारी को और सुदृढ़ किया गया है। समिति द्वारा व्रतियों के लिए पंजीयन की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें पंडाल में निर्धारित स्थान पर बैठने की सुविधा



मिल सके। विगत कई वर्षों से राजपुर गेउर नदी स्थित छठ घाट पर सुरक्षा और आयोजन व्यवस्था में योगदान देने वाले राजपुर निवासी महेंद्र अग्रवाल को इस वर्ष सर्वसम्मति से आयोजन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नदी तट पर श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए एक नया मार्ग तैयार किया जा रहा है। जिससे भीड़ की स्थिति में महिलाएं और श्रद्धालु आसानी से घाट तक पहुंच सकें। तट क्षेत्र को पूरी तरह साफ किया गया है। छठ घाट परिसर में रोशनी, पेयजल, चाट-फुल्की व अन्य दुकानों के लिए मेला स्थल निर्धारित कर लिया गया है। वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सड़क किनारे की गई है तथा पुलिस सहायता केंद्र भी बनाया गया है।

## ज्वेलरी शॉप से 5 लाख के जेवर पार

**सूरजपुर।** नगर के भैयाथान रोड वार्ड क्रमांक 3 स्थित विनायक ज्वेलर्स दुकान में बीती रात चोरों ने शटर को तोड़कर लगभग 5 लाख के कीमती सोने चांदी के आभूषणों की चोरी कर ली। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ज्वेलर्स संचालक हर रोज की भांति दुकान को बंद कर घर चला गया था। आज सुबह ज्वेलर्स संचालक मनोज सोनी को दुकान के शटर टूटने की जानकारी मिलने पर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। शटर का ताला टूटा तथा अंदर सामान बिखरे हुए थे। संचालक के मुताबिक ज्वेलर्स दुकान में रखे 1 किलो पुराना चांदी,2 किलो नया चांदी, 11 ग्राम सोना कुछ फैंसी आइटम के आभूषणों को चोरों ने पार कर दिया। हांलांकि चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमे 2 चोर चेहरे में कपड़ा बांधकर चोरी करते नजर आ रहे हैं ,एक चोर दुकान के बाहर था तो सीसीटीवी में एक चोर दुकान के गहने को समेटते हुए नजर आ रहा है। फिलहाल ज्वेलर्स संचालक ने चोरी की घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दे दिया है। ज्वेलर्स दुकान में




लाखों की चोरी की घटना से नगर के ज्वेलर्स संचालको की नींद उड़ी हुई है तो वही पुलिस की रात में गस्त पर भी सवाल उठने लगे है। जहां 2 चोरों ने मुख्य मार्ग से लगे दुकान में धावा बोलकर बड़े आराम से लाखों का सामान ले उड़े। इधर दुकान संचालक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार में चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## कीटनाशक पीने से गंभीर वृद्धा की गई जान

अम्बिकापुर । कीटनाशक पीने से गंभीर हुई वृद्धा की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोरिमा निवासी तिहारो नागेश पति घमंडी चेरवा (75 वर्ष) बीती रात अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली थी। इधर वृद्धा की तबीयत बिगड़ने तथा कीटनाशक पीने की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां देर रात उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## जिले के 5 पीएम केयर्स बच्चों से मिले कलेक्टर, किया उत्साहवर्धन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज कोरोना महामारी के दौरान अनाथ हुए पांच बच्चों से मुलाकात की, जो प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी हैं। कलेक्टर ने बच्चों से आत्मीय वार्तालाप करते हुए उनके शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल की जानकारी ली।

मुलाकात के दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों को कलेक्टर कार्यालय का भ्रमण कराया और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, जीवन में आगे बढ़ने और समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत कोरोना काल में अपने माता-पिता दोनों को खोने वाले



बच्चों की समुचित देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्था की गई है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे के नाम पर कलेक्टर के साथ संयुक्त खाते में 10 लाख की राशि जमा की गई है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद बच्चों को इस राशि का ब्याज लगभग 5 हजार से 6 हजार रुपये प्रतिमाह प्राप्त हो रहा है।

## गोवर्द्धन पूजा कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन पलटा, दो दर्जन ग्रामीण घायल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सुपलगा से गोवर्धन पूजा कर लौट रहे श्रद्धालुओं की वाहन नवापारा स्थित खतरनाक कालीघाट पर अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए जबकि एक महिला सहित तीन लोगों को गंभीर चोटें आई है।

विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत ग्राम सुपलगा में गहिरा गुरू संत समाज द्वारा आश्रम का निर्माण किया गया है। आश्रम में हर साल भव्य तरीके से गोवर्द्धन पूजा की जाती है। पूजा में शामिल होने बड़ी संख्या में दूर-दूर से संत समाज के अनुयायी पहुंचते हैं। बुधवार को गोवर्द्धन पूजा में शामिल होने अम्बिकापुर नवापारा सहित अन्य स्थानों के अनुयायी पिकअप में सवार होकर ग्राम सुपलगा पहुंचे थे। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज भी पूजा में शामिल हुए। पूजा पूरी होने के बाद शाम 7 बजे श्रद्धालु पिकअप से वापस घर लौट रहे थे। पिकअप में 35 लोग सवार थे। इस दौरान ग्राम नवापारा के निकट खतरनाक काली घाट से उतरने के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे सवार चिखने चिल्लाने लगे। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों एवं राहगीरों ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन से ग्रामीणों को बाहर निकाला। दुर्घटना में एक महिला सहित दो ग्रामीणों को गंभीर चोटें आई हैं जबकि 22 ग्रामीण घायल हुए हैं। घायलों में नवापारा के कुछ ग्रामीण भी शामिल हैं।

### ग्रामीणों ने केबिनेट मंत्री समेत कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की

# शासकीय राशन दुकान के संचालक पर दो माह के राशन गबन का आरोप

**बिश्रामपुर।** ग्राम कोरेया में शासकीय उचित मूल्य दुकान से राशन घोटाला का आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाते हुए मामले की शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के अलावा कलेक्टर जनदर्शन में की गई है,गांव के करीब सौ हितग्राहियों को दो महीने से चावल नहीं मिला है।

ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान संचालक लालसाय राजवाड़े ने शासन की महत्वाकांक्षी चावल उत्सव योजना के तहत जून,जुलाई और अगस्त माह का राशन बांटने के नाम पर अनाज का गबन कर लिया है,ग्रामीणों ने बताया कि वे हर



महीने शासन से मिलने वाले राशन पर ही निर्भर रहते हैं, लेकिन पिछले दिनों तीन महीने के राशन में दुकान संचालक ने केवल एक माह का ही चावल बांटा और बाकी दो माह के राशन सामानों का गबन कर हितग्राहियों को भ्रमित करते हुए धोखाधड़ी किया गया है,हितग्राहियों ने बताया कि उन्होंने इस गड़बड़ी की शिकायत कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी और कलेक्टर सूरजपुर को जनदर्शन में लिखित रूप से दी,लेकिन हैरानी की बात यह है कि कई हफ्ते बीत जाने के बाद भी प्रशासन ने जांच तक शुरू नहीं की है,ग्रामीणों का कहना है कि जब बड़े नेताओं और अफसरों तक पहुंचने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही,तो आम आदमी कहां जाए।सवाल यह भी उठ रहा है कि जब हर माह राशन वितरण की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होती है, तो फिर यह धांधली महीनों तक उजागर क्यों नहीं हो पाई,ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन करने हेतु विवश होंगे,ग्रामीणों की मांग है कि शासन प्रशासन तत्काल इस मामले की जांच कर दोषी दुकान संचालक को निलंबित कर सभी हितग्राहियों को बकाया राशन तुरंत उपलब्ध कराया जाये।

## जुआ खेलने के दौरान विवाद युवक पर चाकू से हमला



घायल युवक इनसेट में आरोपी।

**बलरामपुर।** जुआ खेलने के दौरान हुए आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को जिला अस्पताल से अंबिकापुर रिफर किया गया है जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। इधर इस मामले में पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है कि 22 अक्टूबर को ग्राम डुमरखी में कुछ लोग बैठकर जुआ खेल रहे थे। इस दौरान दलधोवा निवासी अनिल यादव और डुमरखी निवासी प्रदीप पैकरा के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी प्रदीप पैकरा ने अनिल यादव के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में अनिल यादव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन फानन में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर रिफर कर दिया गया है जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार जारी है। इधर इस घटना के बाद प्रदीप पैकरा फरार हो गया था जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में ग्राम डुमरखी निवासी 55 वर्षीय प्रदीप पैकरा आ. स्व. गंगा प्रसाद पैकरा को बीएनएस की धारा 109 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025




तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 14.2 डिग्री


जनजातीय संस्कृति ने जर्मन मेहमानों को किया मंत्रमुग्ध

4




# छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान बनेगा जशपुर जम्बूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ का पर्वतीय और हरियाली से आच्छादित जिला जशपुर एक बार फिर उत्सव, संस्कृति और रोमांच का केंद्र बनने जा रहा है।

- छत्तीसगढ़ के जशपुर में सजेगा रोमांच, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत उत्सव

यहां आगामी 6 से 9 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले 'जशपुर जम्बूरी 2025' में प्रदेश और देशभर से पर्यटक प्रकृति की गोद में ⏭ शेष पेज 4 पर



**लोककला, संगीत और बोनफायर नाइट्स से सजेगा हर शाम का माहौल:** हर शाम बोनफायर नाइट्स में जनजातीय लोकनृत्य, संगीत और हंसी से भरी संध्याएँ होंगी। पारंपरिक गीतों की धुन और आग की लपटों के बीच साझा होती मुस्कानें इस आयोजन को आत्मीयता का नया अर्थ देंगी। फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों का विशेष स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेगा। स्थानीय पारंपरिक पकवानों के स्वाद से ⏭शेष पेज 4 पर



**खुले आसमान तले स्टार गेज़िंग सेशन्स:** रात्रिकालीन आयोजनों में स्टार गेजिंग सेशन्स विशेष आकर्षण होंगे। तारों से सजे जशपुर के निर्मल आसमान में सैकड़ों नक्षत्रों को निहारने का अनुभव आगंतुकों को अद्भुत शांति और विस्मय का एहसास कराएगा।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी बढ़ेगी पहचान



इस आयोजन में देशभर से एडवेंचर प्रेमी, फोटोग्राफर, ट्रैवल ब्लॉगर और इनफ्लुएंसर भाग लेंगे, जिससे जशपुर की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डिजिटल माध्यमों से और सशक्त होगी। हमारा प्रयास है कि जशपुर की प्रकृति और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान मिले। जशपुर जम्बूरी 2025 न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को प्रखर करेगा, बल्कि पर्यटन, उद्यमिता और सामुदायिक सहभागिता को नई ऊर्जा देगा। ऐसे आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा करते हैं। जशपुर के लोग जितने सादगीपूर्ण हैं, उतने ही उत्साही और साहसी भी हैं। 'जशपुर जम्बूरी' जैसे आयोजन इस क्षेत्र की पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित कर रहे हैं। यह फेस्टिवल छत्तीसगढ़ को 'एडवेंचर टूरिज्म हब' के रूप में आगे बढ़ाएगा। - विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छग।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम करनपुर निवासी स्व. पुसनी बाई का सांप के काटने से 06 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके नाती नवीन राम, सुनिल राम, सुनीता बाई एवं नीलम बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहा ग्रामीण गया जेल

**अम्बिकापुर।** घर से नशीले इंजेक्शन बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। टीम ने ग्रामीण के पास से बड़ी संख्या नशीले इंजेक्शन जब्त किया। आरोपी को न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। लुण्ड्रा क्षेत्र में गश्त कर रही संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लुंड्रा थाना अंतर्गत पार्वतीपुर निवासी शैलेश पैकरा नामक व्यक्ति अपने घर से प्रतिबंधित इंजेक्शन बेच रहा है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने तत्काल उड़नदस्ता टीम के साथ शैलेश पैकरा के घर दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर एक अलमारी में एक थैले से 35 नग नशीले बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई। इस दौरान मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।

### छग स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय राज्योत्सव 2 से

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 से 4 नवम्बर 2025 तक जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दौरान राज्य की संस्कृति, परंपरा और गौरव को दर्शाने वाले विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर निवासरत कलाकारों द्वारा बैंड, संगीत, लोक नृत्य, लोक गीत तथा अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राज्योत्सव का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देना और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाना है। राज्योत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी या समूह अपने प्रस्तुतीकरण हेतु एपीसी, समग्र शिक्षा (सर्व शिक्षा अभियान) से संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले कलाकारों की फाइनल प्रस्तुति 30 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। चयनित प्रस्तुतियां राज्योत्सव के मुख्य मंच पर प्रदर्शित की जाएंगी।

### खरीफ व रबी वर्ष के लिए समीक्षा बैठक 28 को

**अम्बिकापुर।** कृषि उत्पादन आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में खरीफ वर्ष 2025 की समीक्षा एवं रबी वर्ष 2025-26 के कार्यक्रम निर्धारण हेतु सरगुजा संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। यह बैठक दिनांक 28 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभागार सूरजपुर में संपन्न होगी। बैठक में खरीफ मौसम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, फसल क्षेत्रफल एवं उत्पादन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, आगामी रबी मौसम के लिए कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों का निर्धारण किया जाएगा जिससे कृषकों को समय पर तकनीकी सहायता एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

### गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने खेल मैदानों, एकेडमी और स्टेडियम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर को खेलों का गढ़ बनाने की दिशा में निरंतर पहल की जा रही है। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिला प्रशासन स्वीकृत खेल मैदानों, अकादमियों और स्टेडियमों के निर्माण को गति दे रहा है। साथ ही राज्य स्तरीय खेल आयोजनों की तैयारी भी तेजी से चल रही है, ताकि खिलाड़ियों को बड़े मंच मिल सकें।

- आगामी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के तैयारी के संबंध दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

इसी कड़ी में कलेक्टर श्री व्यास ने गुरूवार को इन्डोर बैडमिंटन स्टेडियम, तरण ताल, जिला चिकित्सालय के समीप इण्डोर स्टेडियम, ताइक्वांडों स्टेडियम और निर्माणाधीन बास्केटबाल स्टेडियम का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अगामी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरूवार को इन्डोर बैडमिंटन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम में बेहतर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सीपेज समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



**छठ घाटों में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा:** कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को जशपुर के दोनों प्रमुख तालाबों के छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटो पर लाइटिंग की समुचित व्यवस्था, साफ-सफाई और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने तलाबों में प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था करने के और आवश्यक बचाव उपकरण और कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इसके अलावा उन्होंने घाटो तक पहुंचने वाले मार्गों को दुरुस्त करने के साथ ही कचरा निष्पादन की व्यवस्था करने और पार्किंग स्थल चिन्हांकित करने को कहा।

### आधुनिक शिक्षण सुविधाएं होंगी उपलब्ध

कलेक्टर रोहित व्यास ने गुरुवार को जशपुर के गम्हरिया स्थित शासकीय दृष्टि बाधितार्थ बालक-बालिका विशेष विद्यालय के निकट दिव्यांग बच्चों हेतु बनने वाले आदर्श आवासीय परिसर के लिए चिन्हांकित स्थल का निरीक्षण किया। 01 करोड़ 77 लाख 43 हजार रुपए की लागत से बनने वाले इस परिसर का उद्देश्य दृष्टि एवं श्रवण बाधित विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण प्रदान करना है। इस आवासीय परिसर में दृष्टि बाधितार्थ विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक तथा श्रवण बाधित विद्यार्थियों के लिए कक्षा पहली से 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता, समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेद प्रकाश कुलदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# छठ घाट का विधायक साय ने किया निरीक्षण



**पत्थलगांव।** सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने पुरन तालाब छठ घाट का निरीक्षण किया। शुक्रवार की शाम को विधायक ने छठ घाट का निरीक्षण करते हुए कहा कि आप लोगों ने काफी मेहनत की है अच्छा काम किया है बहुत भव्य और सुंदर दिख रहा है।

छठ घाट पूरे छठ घाट को देख कर काफी खुश हुई इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, संरक्षक मनोज तिवारी, बच्चन दुब्बे, अशोक श्रीवास्तव, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता, उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, प्रमोद साहू, कृष्ना सिंह, रामानन्द सिंह, वीरेंद्र तिवारी, सचिव राजीव साहू, बंटी सिन्हा, आदित्य मिश्रा, राजेश साहू सोनू रजक,सहित भोजपुरी समाज के लोग उपस्थित रहे। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने बताया कि विधायक गोमती साय के छठ घाट में पहुचने से काफी खुशी हुई छठ पूजा में 28 अक्टूबर दिन मंगलवार को पहुचेंगी वही पे छठ घाट पचरी निर्माण की लागत 40 लाख रुपए का भूमिपूजन करेंगी आपको बता दे भोजपुरी समाज पूर्व में विधायक के समक्ष पचरी निर्माण की मांग रखा था जिसकी घोषणा पिछले वर्ष छठ पूजा के दौरान अपनी घोषणा कर एक तरफ पूरा पचरी निमार्ण करने स्वीकृति दी थी। जो अब पूरा होने वाला है। अब आगे वर्ष से छठ पूजा करने में दिक्कत नहीं होगी।

# 21 घंटे बाद डेम से युवक का निकाला गया शव

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के छठ घाट स्थित डेम में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत के बाद करीब 21 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल लिया गया। शव को एसडीआरएफ अंबिकापुर की प्रोफेशनल टीम ने मात्र एक घंटे की रेस्क्यू कार्रवाई में खोज निकाला।

- एसडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू पूरा



घटना बीते कल गुरुवार शाम करीब 04 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवक नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही कुनकुरी पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। शुरुआती प्रयास में स्थानीय गोताखोरों एवं जशपुर से पहुंची डीडीआरएफ टीम ने पूरी रात रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। स्थिति गंभीर होती देख प्रशासन ने अंबिकापुर से एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। बुधवार सुबह टीम के पहुंचते ही करीब एक घंटे की खोजबीन के बाद शव को पानी से बाहर निकाल लिया गया है और पुलिस प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। भीड़ को नियंत्रित करने एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। मृत युवक की पहचान चुनू राम, निवासी तुरी बस्ती, कुनकुरी के रूप में हुई है। वहीं इस दुखद घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। इस बड़ी हादसे में डूबे शव को निकालने कार्यवाही के अनुसार कुनकुरी एसडीएम नंद पांडे, एसडीओपी विनोद कुमार मंडावी, थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव, तहसीलदार प्रमोद पटेल की अहम भूमिका रही साथ ही पुलिस बल तैनात रहे।

# झिमकी के जंगल में 39 हाथियों ने डाला डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जिले के पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में ग्राम पंचायत झिमकी के जंगलों में 39 हाथियों ने डेरा डाल दिया है। वन विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर ग्रामीणों को अलर्ट कर रही है। हाथियों से दूरी बनाने सहित छेड़खानी न करने की अपील वन विभाग कर रहा हैं।

- दर्जनों गांवों में वन विभाग ने जारी किया अलर्ट
- ग्रामीणों से छेड़खानी न करने की अपील

पत्थलगांव रेंजर कृपासिंधु पैकरा ने बताया कि कोरबा धर्मजयगढ़ के जंगलों से 4 हाथियों का दल एक होकर पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है।



हाथियों के दल में शावकों मादा सहित नर हाथी टीजेएमई 8,जेपीएमई 36 सहित अन्य हाथी सहित कम 39 हाथी ने शुक्रवार शाम तक झिमकी के जंगलों में डेरा जमाया हुआ है। विभाग लगातार हाथियों के मूवमेंट पर मॉनिटरिंग कर आम जन को सुरक्षित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम झिमकी, खुटापानी, महेशपुर, खमगड़ा, कोकियाखार, जामझोर, मधुबन, आमाटोली, पटवाजोर, सागरपाली, पतराटोली, सहित आस पास के ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। वही गुरुवार रात को इसी झुंड ने कोकियाखार, बरखोरिया, झिमकी के 7 किसानों की लागभग 10 एकड़ की तैयार खड़ी धान की फसल को खा कर व रौंद कर खेतो में उत्पात मचाने से किसानों का नुकसान हुवा है। जिसका वन विभाग आंकलन कर प्रकरण तैयार कर मुवाबजा देने की बात कर रहा है। वही हाथियों के इलाके में आने से ग्रामीण किसानों की रातों की नींद भी हराम हो गई है।

किसानों को डर है कि कहीं हाथी उनके घरों खेतों की तरह रुख करेंगे तो घरों को भी तहस-नहस कर देगें खेतों ले पक रही धान की फसल को चट कर जाएंगे। हाथी घरों में रखे अनाज को खाने के लिए किसानों के घर भी तोड़ देते हैं। जिसके भय से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हो गए हैं।

### कांग्रेसियों की झूठ की राजनीति को समझ रही है जशपुर की जनता

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा है ऐतिहासिक विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए दो साल में ऐतिहासिक कदम उठाएं है। जशपुर में मेडिकल कालेज शुरू करने के लिए 220 बिस्तर की क्षमता वाली अस्पताल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने अपने दूसरे बजट में स्वीकृति देते हुए इसके लिए 32 करोड़ की राशि भी जारी कर चुकी है। इसके लिए कांग्रेसियों को चिंता करने की नहीं जानकारी लेने की जरूरत है। जशपुर की जनता मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन में जिले के हो रहे विकास की प्रत्यक्ष गवाह है।

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के सुशासन का दिख रहा है असर






जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने बताया कि प्रस्तावित मेडिकल कालेज के संबंध में उन्होनें बताया कि इस अस्पताल के निर्माण के लिए चराईडांड़ के पास जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है। यह अस्पातल आगे चल कर ⏭ शेष पेज 4 पर

### गांव से लेकर शहर तक अस्पतालों का विस्तार

सालिक साय ने कहा कि बीते दो साल के अंदर जिले के सुदूर ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्र तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार ने काम किया है। जिला मुख्यालय में 35 करोड़ की लागत से जगदेव राम स्मृति अस्पताल भवन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। यह अस्पताल सीटी स्केन, एमआरआई, आपातकालिन चिकित्सा जैसे आधुनिक संसाधनों से लैस होगा। इसके लिए आवश्यक सभी पदों में भर्ती के लिए स्वीकृति देते हुए, प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही कुनकुरी में 8 करोड़ की लागत से मातृ शिशु अस्पताल और डायलिसिस केंद्र की स्वीकृति भी मिल चुकी है। जशपुर में फिजियोथेरेपी महाविद्यालय के लिए 14 करोड़ और कोतबा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 4.37 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं।

# नाबालिग से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** महिलाओं और नाबालिगों के प्रति अपराध पर सख्त रवैया अपनाते हुए जशपुर पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। बगीचा थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ और मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने चंद घंटों में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना 21 अक्टूबर 2025 की शाम करीब सात बजे की है। थाना बगीचा क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिग बालिका अपनी सहेली के साथ घर लौट रही थी। इसी दौरान एक मारुति इको गाड़ी में तीन युवक पहुंचे, जो प्रार्थिया के परिचित थे। उन्होंने दोनों बालिकाओं को घर छोड़ने की बात कहकर गाड़ी में बैठा लिया। कुछ दूरी चलने के बाद प्रार्थिया को गाड़ी में असहज महसूस हुआ, जिसके चलते उसने बीच रास्ते में उतरने का निर्णय लिया। तभी गाड़ी में सवार एक युवक समीर गयार उम्र 22 वर्ष भी उसके पीछे उतर गया। वहीं गाड़ी में मौजूद अन्य दो युवक, प्रार्थिया की सहेली को उसके घर छोड़कर अपने-अपने ⏭ शेष पेज 4 पर



- बगीचा पुलिस की त्वरित कार्वाई
- आरोपी समीर गयार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर

## खबर संक्षेप

### रेलवे की नोटिस से माल गोदाम में मची अफरा तफरी

**राउरकेला।** माल गोदाम फाटक से लेकर माल गोदाम चौक तक के सड़क किनारे रेलवे भूमि पर अवैध कब्जे के आरोप में रेलवे प्रशासन ने लगभग पांच दर्जन लोगों को नोटिस जारी किया है। रेलवे ने प्रभावित लोगों को अवैध कब्जा हटाने का अल्टीमेटम दिया है, जिसके तहत उन्हें सप्ताह भर में खाली करने का आदेश है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि साढ़े सात महीने पहले रेलवे साइडिंग से ट्रेन की बोगियां बस्ती में घुसने की घटना के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। नोटिस मिलने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और तनाव का माहौल बन गया है। इस कार्रवाई के विरोध में युवा नेता चंदन विश्वकर्मा, सीता राम दत्ता, संजय श्रीवास्तव और उनकी टीम ने रेलवे अधिकारियों के रवैये पर नाराजगी जताई। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि दशकों से रहने वाले वाशिंदों को निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अवैध कब्जे की शिकायतों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पांच फ़रवरी को रेलवे साइडिंग से अनियंत्रित ट्रेन के माल गोदाम बस्ती में घुस जाने के बाद सुरक्षा के नाम पर रेलवे द्वारा यह कदम उठाने की बात कही जा रही है। पांच दर्जन से अधिक के लोगों के नाम नोटिस जारी कर सप्ताह भर का अल्टीमेटम दिए जाने से क्षुब्ध लोगों ने रेलवे प्रशासन के समक्ष बात रखने एक टीम का गठन किया गया।

### सीईओ ने किया जनपद कार्यालय का निरीक्षण



**पुसौर।** बीते बुधवार को पुसौर जनपद कार्यालय का जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने अपने सहायक सीईओ निलाराम पटेल एवं महेश पटेल के साथ औचक निरीक्षण किया। जिसमें सभी शाखा प्रभारी के साथ ही सीईओ विवेक गोस्वामी भी मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक पीएम आवास शाखा, मनरेगा शाखा, एनआरएलएम शाखा, स्वच्छता मिशन के शाखा प्रभारी उपस्थित थे। इसी कड़ी में निर्माण कार्यो के विधायक एवं सांसद मद के शाखा प्रभारी राजेन्द्र चौधरी, जनपद निधि के गोरेलाल पटेल, आदर्श ग्राम मद के ऋषि पटेल, 15 वें वित्त के क्षीर सागर गुप्ता, स्वच्छभारत मिशन के उमाकांत साव सहित अन्य सहायक कर्मचारी मौजुद थे। उक्त बैठक 2 बजे से 4 बजे तक हुआ जिसमें जिला सीईओश्री पटारे ने बारी बारी से तलब करते हुए उनके कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी लिया वहीं पैसा जारी होने के बाद भी जो कार्य प्रारंभ नहीं हुए उसकी सूची तैयार करने की हिदायत दी। बताया जाता है कि इस अप्रारंभ हुए कार्यो के लिए जो जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ एसडीएम कोर्ट में आरआरसी दर्ज किया जाएगा और उन्हें पेसी में तलब किया जाकर उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### श्री योग वेदांत सेवा समिति का दीपदान व गीता सत्संग

**राउरकेला।** श्री योग वेदांत सेवा समिति की ओर से राउरकेला निकट समरझोला ग्राम में दीपदान और गीता भागवत सत्संग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समरझोला, रेलापोष और आसपास के क्षेत्रों से आए लगभग 200 से अधिक ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दीपावली के अवसर पर समिति की ओर से ग्रामीणों को मिट्टी के दीपक, बाती, तेल और मिष्ठान वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति के उपदेशकों ने उपस्थित जनों को दीपावली के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को पौराणिक कथाओं के माध्यम से समझाया तथा सत्साहित्य का वितरण किया।

### टिसीआई से पानपोष ब्रिज तक की बेरिकेटिंग गायब

**राउरकेला।** पूर्त आरएनबी विभाग द्वारा एनएचएआई से अधिग्रहित भूमि के किनारे लाखों की लागत से लगाई गई मेटल वॉल बेरिकेटिंग अब रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। ये बार्केटिंग टिसीआई चौक से लेकर पानपोष ब्रिज तक सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से लगाई गई थी, किंतु अब इन्हें निजी शोरूमों और संस्थानों के प्रवेश मार्ग के लिए हटा दिया गया है।

---

### विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के दिए निर्देश

# हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का मंत्री ओपी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





रायगढ़ के गजमार पहाड़ स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में जारी सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्यों का प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं डीएफओ रायगढ़ अरविंद पीएम उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन की योजनाओं का केवल निर्माण तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन ही असली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनसामान्य को वास्तविक लाभ पहुंचाना है और इसके लिए योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। उन्होंने कहा कि हनुमान मंदिर परिसर में हो रहे सौंदर्यीकरण कार्यों से न केवल धार्मिक पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि यह क्षेत्र धार्मिक पर्यटन के एक नए केंद्र के रूप में भी विकसित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गजमार पहाड़ी रायगढ़ की शान है। यह स्थल शहर के बीच इतनी ऊँचाई और प्राकृतिक सौंदर्य के साथ बहुत कम जगहों पर देखने को मिलता है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र गजमार पहाड़ी स्थित हनुमान धाम अब आधुनिक स्वरूप में इको पार्क और इको टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित होगा। बीते दिवस वित्त मंत्री चौधरी ने 08 करोड़ रुपए की लागत से यहां होने वाले विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का भूमि पूजन किया था। गजमार पहाड़ी मंदिर विकास योजना की जानकारी देते हुए डीएफओ अरविंद पीएम ने कहा कि विभागीय मार्गदर्शन और सुव्यवस्थित योजना के तहत पहाड़ मंदिर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां श्रद्धालु एवं पर्यटक आसानी से ऊपर तक पहुंच सकें, इसके लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। जिसके तहत स्वीकृत सीढ़ियों का विकास कार्य, अवेयरनेस एक्टिविटी के लिए ओपन प्लेटफार्म का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही वाच टॉवर, चिल्ड्रन एक्टिविटी एरिया, कैन्टीन, पैगोड़ा, पब्लिक वाशरुम, वाश एरिया निर्माण, यूटिलिटी एरिया, पार्किंग एवं प्रवेश स्थल का विकास कार्य, पाथ वे निर्माण एवं प्रवेश द्वार निर्माण कार्य हो रहा है। इन सभी सुविधाओं के विकसित हो जाने पर गजमार पहाड़ी न केवल धार्मिक स्थल के रूप में बल्कि पर्यटन और स्वास्थ्य गतिविधियों के दृष्टिकोण से भी एक आकर्षक गंतव्य बन जाएगा। मौके पर वन परिक्षेत्राधिकारी रायगढ़ हेमलाल जायसवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जंगली सूअर का मांस काटते हुए दो गिरफ्तार



**कटेली।** वन विभाग ने शिकारियों के ठिकानों पर छापामारा और मांस के साथ धरदबोचा बरमकेला वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान दो शिकारियों को जंगली सूअर का शिकार करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किए दोनों आरोपी पठारीपाली गांव के हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात पठारीपाली गांव में सूअर का शिकार कर उसे घर लाए थे और उसे छोटे छोटे हिस्सों में काट बेचने की तैयारी में है। सूचना मिलते ही वन विभाग अलर्ट हो गया और एक टीम बनाकर पठारीपाली में बताए लोकेशन पर जाकर घेराबंदी की गई। जहां दो व्यक्तियों को जंगली सूअर का शिकार कर घर मे मांस को काटते हुए पकड़ लिया गया। वहीं आरोपियों के पास से देशी हथियार, धारदार औजार, टॉर्च और शिकार में प्रयुक्त अन्य सामग्री भी जब्त किया गया है आगे पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शिकार करने की बात स्वीकार की है। वन विभाग ने दोनों के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरमकेला वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में जंगली प्राणियों के शिकार की सूचनाएँ मिल रही थीं। टीम लगातार निगरानी में थी, जिसके बाद यह कार्रवाई संभव हो पाई। उन्होंने कहा कि जंगल और वन्यजीव हमारे पारिस्थितिक संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी जंगल में संदिग्ध गतिविधि या शिकार की जानकारी मिले तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि वन्यजीवों की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। बताया जा रहा की मामले में अन्य आरोपियों शामिल होने की बात कही जा रही है विभाग जांच कर रही की इसमें और भी आरोपी शामिल तो नहीं अगर ऐसा रहा तो आगे उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी।

## जनजातीय संस्कृति ने जर्मन मेहमानों को किया मंत्रमुग्ध







**जशपुरनगर।** जशपुर की जनजातीय संस्कृति ने जर्मन मेहमानों को किया मंत्रमुग्ध जशपुर की समृद्ध जनजातीय परंपराओं, बेमिसाल हस्तशिल्प और आत्मीय आतिथ्य ने जर्मनी से आए मेहमानों को गहराई से प्रभावित किया।

बर्नहार्ड और श्रीमती फ्रांजिस्का ने क्षेत्रीय स्टार्टअप "ट्रिप्पी हिल्स" के अनुभवात्मक पर्यटन कार्यक्रम के तहत यहां के जनजातीय समुदायों के जीवन, कला और संस्कृति को करीब से महसूस किया। यात्रा की शुरुआत हुई मलार समुदाय से, जो अपने सुंदर आभूषणों और हस्तनिर्मित उपयोगी वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है। बारीकी से बनाए गए ये शिल्प न केवल स्थानीय पहचान का प्रतीक हैं, बल्कि परंपरा और रचनात्मकता की गहराई को भी दर्शाते हैं। इसके बाद उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा जनजाति के जीवन शैली और रहन सहन खान पान को देखा, जहां प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीने की सीख हर पहलू में झलकती है। यात्रा का एक विशेष पड़ाव रहा अगरिया समुदाय, जो आज भी पारंपरिक लौह गलाने की प्राचीन तकनीक को जीवित रखे हुए हैं। धधकते भट्टों और हाथ से चलने वाले औजारों के बीच इस शिल्प की झलक ने दोनों मेहमानों को अचंभित कर दिया। यात्रा का समापन हुआ जशपुर के स्थानीय जनजातीय हाट बाजार में, जहां रंग-बिरंगे वस्त्र, मिट्टी की खुशबू और पारंपरिक संगीत ने जनजातीय जीवन की विविधता को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इस अनूठे सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सफल बनाने में कल्चर देवी और अनएक्सप्लोर्ड बस्तर की संयुक्त भूमिका रही। उनके सहयोग से न केवल विदेशी मेहमानों ने जशपुर की आत्मा को महसूस किया, बल्कि स्थानीय समुदायों को भी अपने हुनर और संस्कृति को साझा करने का अवसर मिला। यह यात्रा इस बात का सशक्त प्रमाण बनी कि जशपुर की संस्कृति केवल इतिहास नहीं, बल्कि एक जीवित, सांस लेती विरासत है, जो हर आगंतुक को अपने रंगों और आत्मीयता से बांध लेती है।

### घरघोड़ा हत्याकांड के आरोपी मामा-भतीजा गिरफ्तार

**घरघोड़ा।** बुधवार सुबह गांव में दंपती के रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैल गई थी। जांच में सामने आया कि हत्या मृतक के ही भतीजे और उसके रिश्ते के मामा ने की थी। पुरानी रंजिश और पैसों का विवाद। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।जानकारी के अनुसार ग्राम कपाटडेरा भेण्ड्रा निवासी गुरबार सिंह राठिया 43 वर्ष और उनकी पत्नी मनिता राठिया 30 वर्ष के शव बुधवार सुबह उनके घर के बाहर खून से लथपथ मिले। यह दृश्य देखकर पूरे गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वाड ने भी मौके पर पहुँचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लगभग 3-4 वर्ष पहले मृतक गुरबार सिंह ने भगलु के पिता के साथ मारपीट की थी, जिससे पुरानी रंजिश चल रही थी।



## सवा दो करोड़ का गांजा पकड़ा गया, आरोपी गिरफ्तार

**राउरकेला।** सिमडेगा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एनसीबी रांची जोनल यूनिट और सिमडेगा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की बड़ी खेप बरामद की है। गुप्त सूचना पर मंगलवार देर रात को कोलेबिरा के छगरीबांधा के पास साहू पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रक को रोका गया। तलाशी के दौरान ट्रक के अंदर बने विशेष गुप्त केबिन से 84 पैकेटों में कुल 441 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत सवा दो करोड़ रुपए आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से ट्रक चालक नसीम पिता कमरूदीन, ग्राम लफुरी, थाना पुनहाना, जिला नुहु, हरियाणा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही गांजा परिवहन में उपयोग किए गए ट्रक को जब्त कर लिया गया है। एनसीबी और सिमडेगा पुलिस अब इस अवैध तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों और स्त्रोतों का पता लगाने में जुटी है। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी राज्य में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान की एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे तस्करी गिरोहों को तगड़ा झटका लगा है।

## तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौतः तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत रायगढ़ वनमंडल के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौत के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वन मंत्री और प्रधान मुख्य वन संरक्षक मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक के वन्य अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और सख्त निर्देशों के तहत की गई है। मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ बिलासपुर मनोज पांडे और वनमंडलाधिकारी रायगढ़ अरविंद पीएम के मार्गदर्शन में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया।

कार्रवाई का नेतृत्व उपवनमंडलाधिकारी घरघोड़ा मनमोहन मिश्रा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी विक्रांत कुमार द्वारा किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9 और 51 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विधिक प्रक्रिया अपनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में केराखोल निवासी बसंत राठिया एवं वीर सिंह मांझी तथा औराईमुड़ा निवासी रामनाथ राठिया शामिल है। तीनों आरोपियों को न्यायालय, घरघोड़ा में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें। यदि किसी को वन्यजीवों के शिकार या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी हो तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। आपकी जागरूकता ही वन्य जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा साधन है।

## सीईओ ने लखपति दीदी, सरपंच एवं स्वच्छाग्रही दीदियों को किया सम्मानित



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में महिला सशक्तिकरण, ग्राम विकास और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लखपति दीदियों, सरपंच गणों एवं स्वच्छग्रही दीदियों का भव्य सम्मान समारोह जिला पंचायत परिसर जशपुर में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सभी आठ विकासखंड से कुल 35 दीदियों को लखपति दीदी बनने की उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।

उपस्थित लखपति दीदियों के साथ साथ , उत्कृष्ट कैडर , उत्कृष्ट बीसी सखी एवं अति उत्कृष्ट लखपति दीदियों ने अपने अनुभव और सफलता की कहानी का उद्बोधन किया। लखपति दीदियों में बबीता सिदार बीसी सखी पत्थलगांव, अनीता साहू एफएलसीआरपी कांसाबेल, बेबी गुप्ता बीसी सखी मनोरा एवं सुलेमा तिर्की पत्थलगांव से किराना एवं कटहल प्रसंस्करण में किए गए कार्यों की चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार ने की। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि "बिहान मिशन ने जशपुर जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में नई पहचान दी है। आज हमारी लखपति दीदियां न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं, बल्कि सामाजिक बदलाव की प्रेरणा बन चुकी हैं।"उन्होंने बताया कि जशपुर जिले के लिए वर्ष 2024 से 2027 तक 30,877 लखपति दीदियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें से वर्ष 2024–25 की शुरुआत में ही 18,218 दीदियां एक लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आमदनी प्राप्त कर चुकी हैं, जबकि 12,659 दीदियों का लक्ष्य वर्ष 2025–26 के लिए रखा गया है। अब तक 70,079 संभावित लखपति दीदियां चिन्हांकित की जा चुकी हैं। इन दीदियों को सीआईएफ, बैंक लोन तथा मुद्रा लोन के माध्यम से वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। विशेष उल्लेखनीय है कि मुद्रा लोन की उपलब्धि में जशपुर जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। वर्ष 2025–26 में 4,330 स्व-सहायता समूहों को लगभग 102 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि वर्ष 2024–25 में 5,000 समूहों को लगभग 125 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया जा चुका है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जिले में पशुपालन,रेशम धागा उत्पादन, मत्स्य पालन, कृषि, उद्यानिकी ,किराना व्यवसाय, उद्यमिता प्रशिक्षण, सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में "जशप्योर ब्रांड" ने जिले की पहचान पूरे प्रदेश और देश में बनाई है। यह ब्रांड पैकेजिंग और ब्रांडिंग के क्षेत्र में पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ पाया गया है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों के सक्रिय सरपंचों एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वच्छग्रही दीदियों का भी सम्मान किया गया। इन दीदियों ने ग्राम स्तर पर स्वच्छता, जन-जागरूकता और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि "स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवन जीने की शैली है। जशपुर की स्वच्छग्रही दीदियाँ इस सोच को घर-घर तक पहुँचा रही हैं।"कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन की विशेष सराहना की गई। साथ ही बिहान जिला दल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बैंक प्रतिनिधियों को भी इस सामूहिक प्रयास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने लखपति दीदियों, सरपंचों और स्वच्छग्रही दीदियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, प्रेरणा और गर्व से ओतप्रोत रहा।

## पेज 3 का शेष

### छत्तीसगढ़ के पर्यटन ...

रोमांचक अनुभवों, जनजातीय परंपराओं और सामुदायिक उत्सव के रंगों का आनंद लेंगे। यह आयोजन प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय परंपराओं और आधुनिक रोमांच का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगा।**प्रकृति की गोद में चार दिन का उत्सव**-जशपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, झरनों, पहाड़ियों और हरे-भरे जंगलों के कारण पहले से ही पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इन चार दिनों में यह जिला उत्साह, उमंग और अनूठे अनुभवों का जीवंत मंच बन जाएगा। देशभर से आने वाले सैलानी यहां रोमांचक खेलों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और जनजातीय लोकपर्वों की रंगीन झलक का आनंद लेंगे।**हॉट एयर बलून और पैरामोटरिंग का रोमांच**-इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण रहेगा हॉट एयर बलून और पैरामोटरिंग शो, जिसमें प्रतिभागी मधेश्वर पहाड़ियों के ऊपर से उड़ान भरकर जशपुर की भव्यता को नई ऊंचाई से देख सकेंगे। नीले आसमान और हरी वादियों का यह संगम एक अविस्मरणीय अनुभव बनेगा।
**कयाकिंग, एटीवी और मोटर बोटिंग से मिलेगा एडवेंचर का आनंद**-फेस्टिवल में कयाकिंग, मोटर बोटिंग और एटीवी राइड्स जैसी गतिविधियां रोमांच प्रेमियों को अपनी सीमाओं को परखने का अवसर देंगी। झरनों की धारा में कयाकिंग और जंगलों के बीच मिट्टी के रास्तों पर एटीवी चलाने का रोमांच हर आगंतुक के लिए यादगार रहेगा।**फॉरेस्ट ट्रेकिंग और प्राकृतिक अनुभव**-प्रकृति प्रेमियों के लिए विशेष फॉरेस्ट ट्रेकिंग ट्रेल्स तैयार की गई हैं। घने पेड़ों के बीच, फूलों की महक और पक्षियों की चहचहाहट में चलना जशपुर की जैव विविधता से गहरा जुड़ाव कराएगा। यह पर्यावरण और पर्यटन के बीच सामंजस्य का प्रतीक है।

### लोककला, संगीत और ...

पर्यटक छत्तीसगढ़ की मिट्टी की असली महक महसूस करेंगे। 'जशपुर जम्बूरी' केवल एक पर्यटन आयोजन नहीं, बल्कि जनजातीय गौरव और सांस्कृतिक आत्मसम्मान का उत्सव भी है। पारंपरिक हस्तशिल्प, लोककला प्रदर्शनी और आदिवासी परिधानों की झलक इस आयोजन को विशिष्ट बनाएगी। जशपुर प्रशासन और पर्यटन विभाग ने पर्यटकों की सुविधा के लिए ठहरने, खानपान, सुरक्षा और स्वच्छता की संपूर्ण व्यवस्था की है।

### जिले में स्वास्थ्य ...

मेडिकल कालेज का रूप लेगा। इस बीच,50 सीट से अस्थायी मेडिकल कालेज की पढ़ाई शुरू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इसके लिए जशपुर के झरगांव में संचालित पालिटेक्निक कालेज भवन और कौशल विकास केंद्र भवन का प्रस्ताव रखा है। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सालिक साय ने कहा कि मेडिकल कालेज शुरू हो जाने से जशपुर जिले की जनता की एक बरसों पुराना सपना पूरा हो जाएगा। इस बारे में कांग्रेसी पांच साल सरकार में रहने के दौरान सोच भी नहीं सके। जिले में 24 एंबुलेंस और 2 ट्रामा वैन-जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने बताया कि इस समय जिले में 24 एंबुलेंस लोगों को सेवाएं दे रही है। कांग्रेस के शासन काल में इसकी संख्या 10 तक सिमटी हुई है। कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र की बात की जाए तो यहां कुनकुरी में एक 3 एंबुलेस जिसमें एक एलएस एंबुलेंस (एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस) भी शामिल है। इसके साथ ही नारायणपुर,तपकरा, फरसाबहार, दुलदुला, कोल्हेनझरिया, करडेगा में एक-एक एंबुलेंस तैनात है। जिले के सभी 8 ब्लाक में एक-एक शव वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिले में कहीं भी एंबुलेंस और शव वाहन की कोई कमी नहीं है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ ...

घर चले गए। घर की ओर पैदल जा रही नाबालिग का आरोपी समीर ने पीछा किया और उसके साथ जबरन छेड़खानी का प्रयास किया। जब बालिका ने विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और धक्का देकर गिरा दिया। इस घटना में बालिका के गले, होंठ और सिर के पीछे चोटें आईं। बालिका के चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गया। पीड़िता ने घटना की शिकायत बगीचा थाने में दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज किया और कार्रवाई शुरू की। आरोपी समीर गयार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 74, 75(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।थाना प्रभारी बगीचा के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

